# 'योग दिवस कार्यक्रमों में जन सहभागिता सुनिश्चित करें'

■ औदिच्य ने बताया कि 16 जून से योग सप्ताह प्रारंभ होगा, प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित होंगी

उदयपुर, (कासं)। आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम तथा योग सप्ताह की पूर्व तैयारी बैठक सोमवार को जिला कलक्टर के निर्देशन में जिला परिषद सभागार में सीईओ कीर्ति राठौड़ की अध्यक्षता तथा एडीएम सिटी राजीव द्विवेदी के सान्निध्य में हुई। बैठक में योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा करते हुए आयोजन को लेकर संबंधित विभागों को दायित्व सौंपे गये।

प्रारंभ में सहायक नोडल अधिकारी व वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ शोभालाल औदिच्य ने आगंतुकों का स्वागत किया। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ राजीव भट्ट ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्राप्त प्रोटोकॉल की जानकारी देते हुए बताया कि योग दिवस का आयोजन वर्ष 2015 से शुरू हुआ तथा इस बार 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष योग दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण रखी गई है। इसलिए आयोजन में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी का प्रयास करना होगा। उन्होंने बताया कि गांधी ग्राउण्ड में प्रस्तावित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बनने वाले तीन स्टेज पर महिला योग प्रशिक्षकों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। सहायक नोडल अधिकारी औदिच्य ने बताया कि 16 जून से योग सप्ताह प्रारंभ होगा। इसमें प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला परिषद सीईओ राठौड़ ने योग सप्ताह तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे। गांधी ग्राउण्ड में जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं यथा साफ सफाई, बैठक व्यवस्था, स्टेज, माइक टेन्ट आदि के लिए नगर निगम को निर्देशित किया। उदयपुर विकास प्राधिकरण को होर्डिंग्स लगवाने तथा योगाभ्यास के पश्चात छाछ की व्यवस्था का जिम्मा सौंपा।

सीईओ ने कहा कि योग पूरी दुनिया को भारत की देन है। भारत की पहल पर ही पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है। योग दिवस पर जन भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि योग दिवस पर उदयपुर शहर में कई जगह कार्यक्रम होते हैं, प्रयास किया जाए कि अलग-अलग कार्यक्रम के बजाए सभी की सामूहिक भागीदारी जिला स्तरीय कार्यक्रम में रहे। एडीएम सिटी श्री द्विवेदी ने विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य आवंटित करते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। मदनमोहन मालवीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो महेश दीक्षित ने कहा कि योग सुपर साइंस है। यह प्रोत्साहित करने का विषय है प्रेशर का नहीं। उन्होंने आमजन को अधिक से अधिक संख्या में लोगों को योग शिविर में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वाहन किया। बैठक में सभी विभागों के अधिकारीगण, पतंजली योग पीठ, आर्ट ऑफ लिविंग सहित अन्य स्वयंसेवी संस्थानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

सहायक नोडल अधिकारी श्री औदिच्य ने बताया कि योग सप्ताह के तहत 16 जून को मोहनलाल सुखाड़िया समाधि पार्क में सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक योग प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास कराया जाएगा। 17 जून को सहेलियों की बाड़ी में पूर्वाभ्यास होगा। 18 जून को सुबह 6 बजे 7.30 बजे तक योग आधारित महिला सशक्तिकरण प्रश्नोत्तरी होगी। इसी दिन मोतीमगरी गेट से देवाली छोर तक रैली निकाली जाएगी। 19 जून को फतहसागर की पाल पर प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास होगा। शाम 4 बजे से मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में योग आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसी प्रकार 20 जून को भण्डारी दर्शक मंडप गांधी ग्राउण्ड में प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास किया जाएगा।

## सार-समाचार

### पौधारोपण का आगाज

उदयपुर, (कासं)। श्री अम्बेश गुरू मेमोरियल संस्थान की ओर से सोमवार को पावनधाम फतहनगर परिसर में मेवाड़ उप प्रवर्तक कोमल मुनी मा.सा., साध्वी विजय प्रभा मा.सा, संत सतीया मा.सा. के सानिध्य में सघन पौधारोपण का आगाज किया गया। इस अवसर पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि के कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, उप तहसीलदार सम्पत सिंह भाटी, थानाधिकारी डीपी दाधीच, अधिशाषी अधिकारी कृष्ण गोपाल माली, व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश अठावाल, व्यवसायी कैलाश चन्द्र खण्डेलवाल, नगर पालिका फतह नगर सनवाड़ एवं निर्माण नितिन सेठिया, एडवोकेट अशोक सिंघवी ने अपने अपने नाम से एक एक पौधा लगाया। इस अवसर पर गुरू मेवाड़ उप प्रवर्तक कोमल मुनी मा.सा. ने अपने संदेश में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति भारत की धरती से प्यार करे, प्रत्येक प्राण को स्वप्राण स्वीकार करें। वसुधैव कुटुम्बकम इस धरती का नारा है। जहां की नैतिकता में नर क्या - पशु पक्षी भी प्यारा है। वृक्ष लताओं व पौधों में भी जहॉ जीवन की व्याख्यॉ है। स्व: समान अपनत्व बनाने की धर्मो की आज्ञा है।इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने इस वर्ष सवा लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में 1.5 लाख प्रकार की प्रजातियों के पैड़-पौधे पाये जाते है उन्हे अपनी जलवायु की अनुकूलता के अनुसार लगाये जाने चाहिए। इस अवसर पर पावन धाम के प्रमुख प्रकाश चन्द्र सिंघवी, अध्यक्ष मनोहर लाल लौढ़ा, महामंत्री दिनेश चन्द्र सिंघवी, कोषाध्यक्ष पारसमल बापना, उपाध्यक्ष गजेन्द्र चण्डालिया, बाबुलाल तातेड़ सहित पदाधिकारियो ने भी अपने नाम का पौधा लगाया।

### जेवरात चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के बडगांव थाना क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़ कर चोर सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनसार डूंगीबरवाड़ा हॉल पींक पर्ल सोसायटी सत्यम शिवम के पास रामगिरी निवासी प्रकाश नागदा पुत्र पूर्णाशंकर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि गत दिनों मैं 6 जून को परिवार सहित अपने पैतृक गांव गया था। वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो सोने का मंगलसूत्र ,तुलसी, बाजुबंध, झुमके, चांदी के पायल, कंदोरा, लोकेट, मादलिया व अन्य सामान गायब था। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

### वृद्धा के गले से चेन छीनी

उदयपुर, (कासं)। शहर के भुपालपुरा थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश वृद्धा के गले से सोने की चेन छीन ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सवेरे भुपालपुरा थानाक्षै अशोक विहार कॉलोनी निवासी सुशीला त्रिपाठी (65) बाहर जाने के लिए घर से निकली। जहां कुछ ही दूरी तक पहुंचने पर आए बाइक सवार नकाबपोश दो बदमाश गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन छिन ले गए। इसको देख चिल्लाने पर मदद के लिए लोगों के आने तक बदमाश फरार हो गए।

### पशु स्वास्थ्य संरक्षण पर संगोष्ठी

उदयपुर, (कासं)। पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में पशु स्वास्थ्य संरक्षण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि पशु के सामान्य क्रियाओं में परिवर्तन या पशु व्यवहार में परिवर्तन पशु रोग होने का संकेत होता है। डॉ. छंगाणी ने कहा कि अस्वस्थ पशु की पहचान शीघ्र होने से पशुधन को नष्ट होने से एवं आर्थिक नुकसान होने से बचाया जा सकता है। संस्थान के डॉ. सुरेश शर्मा व डॉ. पदमा मील ने भी उपयोगी जानकारी दी।

### कार्यकारी परिषद की बैठक 19 को

उदयपुर, (कासं)। जिला स्वच्छ भारत मिशन की कार्यकारी परिषद की बैठक 19 जून को सुबह 11 बजे जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित होगी। जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ ने बताया कि बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के कार्मिकों की सेवाओं, सामुदायिक शौचालयों का अनुमोदन एवं अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

# ग्राम स्तर पर स्वच्छता में बनाएंगे नए कीर्तिमान : के.के. गुप्ता

उदयपुर/डूंगरपुर, (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भारत सरकार एनएसएससी के गैर सरकारी सदस्य और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान सरकार में प्रदेश समन्वयक केके गुप्ता ने डूंगरपुर पंचायत समिति की रोल मॉडल चयनित ग्राम पंचायत बिलडी के पंचायत भवन में बैठक ली।

गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं मंत्री मदन दिलावर का स्वच्छ भारत मिशन के प्रति एक विजन है और इसको साकार करना समस्त जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों का दायित्व है। दोनों ही सरकार इस विषय पर बहुत गंभीरता के साथ कार्य कर रही हैं जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के कार्यो की देश की स्थिति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा स्वयं सघन निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का विषय प्रत्येक जनमानस के साथ जुडा हुआ है और हमारे प्रदेश का प्रत्येक गांव स्वच्छ और सुंदर रहेगा तो वहां निवास करने वाले लोग भी स्वस्थ रहेंगे इसके साथ ही एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के साथ हमारे ग्रामीण अंचल भी सुदृढ होंगे। स्वच्छता पर्यावरण के साथ भी जुडी हुई है इसलिए स्वच्छता अभियान में पर्यावरण और वातावरण का भी विशेष ध्यान रखते हुए बडे स्तर पर वृक्षारोपण किया जाना चाहिए।गुप्ता ने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि वह अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें एवं हर व्यक्ति को कम से कम दो पेड गोद लेने चाहिए। राज्य सरकार द्वारा भी इस वर्ष लगभग 5 करोड पौधारोपण का लक्ष्य लिया गया है। डूंगरपुर नगर की ऐतिहासिक गैप सागर झील में जल आवक मार्ग इस ग्राम पंचायत के अधीन आते हैं। वर्षा ऋतु के पूर्व ही यह सभी मार्ग साफ कराए जाएं तथा इन पर किए गए अतिक्रमण तत्काल रूप से हटाने के कार्यवाही अमल में लाई जाए। ग्राम पंचायत के विभिन्न वार्ड में नाली की सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए, यदि नालियां क्षतिग्रस्त है तो प्राथमिकता के साथ मरम्मत कराई जाए अथवा नई नालियां बनाई जाए और जहां भूखंड में गंदगी है ऐसे भूखंड मालिक को नोटिस दिए जाएं। सार्वजनिक शौचालय की सफाई नियमित रहनी चाहिए।बैठक के दौरान गुप्ता ने जनवरी महीने में आयोजित की गई जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यशाला में दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत बिलडी के स्वच्छता प्रभारी कार्मिक से विभिन्न प्रकार की जानकारी मांगी तो यह सामने आया कि ग्राम पंचायत में हर घर जल मिशन के तहत प्रत्येक घर में कनेक्शन नहीं किए गए हैं तथा पानी की सफाई भी अभी तक चालू नहीं की गई है जिस वजह से गांव के निवासी शुद्ध पेयजल से वंचित हैं।

## महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

उदयपुर, (कासं)। राजकीय महाराणा आचार्य संस्कृत महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया सोमवार से प्रारंभ हुई। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया की व्यवस्था की गई है।

इच्छुक अभ्यर्थी 20 जून तक ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ महामायाप्रसाद चौबीसा ने बताया कि शास्त्री प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए संस्कृत विषय के साथ 12वीं उत्तीर्ण अथवा वरिष्ठ उपाध्याय उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शास्त्री (बीए) प्रथम वर्ष के लिए ऑफलाइन आवेदन 10 जून से प्रारंभ हो चुके हैं। आवेदन फार्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 20 जून है। 22 जून को प्रथम अंतरिम सूची जारी की जाएगी। अंतरिम सूची में प्रविष्ट विद्यार्थियों द्वारा शुल्क जमा करवाने की तिथि 26 जून है। 28 जून को प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

## सार-समाचार

### देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति आज

उदयपुर, (कासं)। पुलिस दिवस 2024 के अवसर पर उदयपुर पुलिस की ओर से आमजन व युवाओं से जुड़ा के लिए मंगलवार को फतहसागर की पाल पर पुलिस बैण्ड द्वारा देश भाक्ति गीतों की प्रस्तुती दी जाएगी। लोकसभा चुनाव के चलते 16 अप्रेल को आयोजित होने वाले पुलिस स्थापना दिवस समारोह इस बार शहर पुलिस की ओर से आमजन व युवाओं के पुलिस से जुडाव के लिए " पुलिस दिवस 2024" के अवसर पर 11 जून को सांय 5 बजे पर फतहसागर की पाल पर पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों की स्वर लहरियों का वादन समारोह किया जाएगा। इसके लिए अधिक से अधीक शहरवासी कार्यक्रम देखने पहुंचे। इसी तहर पुलिस के अवसर पर 12 जून 2024 को पुलिस लाईन उदयपुर के परेड़ ठाउण्ड में रेंज स्तरिय"पुलिस दिवस समारोह 2024" का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सेरेमोनियल परेड़ का आयोजन एवं परेड़ के पश्चात उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अधिकारीगण एवं पुलिस कर्मियों को सर्वोत्तम, अति उत्तम, उत्तम सेवार चिन्ह एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदत्त डीजीपी डिस्क महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज उदयपुर एवं जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर द्वारा प्रदान किए जाएंगे। पुलिस दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी, ब्लड डोनेशन कैम्प, पौधारौपण व सांस्कृतिक कार्यकमों का आयोजन किए जाएंगे।

### प्रवेश शुल्क में छूट 18 तक

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' में अगले 8 दिन 18 जून तक प्रवेश शुल्क में छूट रहेगी। संग्रहालय और वाटर लेजर शो दोनों के शुल्क में छूट का प्रावधान किया गया है। प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि 10 जून से लेकर हल्दी घाटी युद्ध दिवस 18 जून तक प्रताप गौरव केन्द्र संग्रहालय का दर्शन शुल्क 160 रुपये के बजाय 50 रुपये में किया जा सकेगा। इसी तरह, शाम को होने वाला अपनी ही तरह का वाटर लेजर शो 'मेवाड की शौर्य गाथा' भी निर्धारित 100 रुपये के बजाय 50 रुपये के शुल्क में देखा जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही महाराणा प्रताप जयंती पर हुए चार दिवसीय समारोह के दौरान वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति ने पहली बार इतनी लम्बी अवधि के लिए शुल्क में छूट का निर्णय किया है। सक्सेना ने बताया कि हल्दीघाटी युद्ध दिवस के उपलक्ष्य में छूट से जन-जन तक महाराणा प्रताप की शूरवीरता की गाथा पहुंच सकेगी।

## वार्ड 17 में उपचुनाव की घोषणा

उदयपुर, (कासं)। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित किया है, इसके तहत उदयपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 17(सामान्य) में उपचुनाव होगा। जारी कार्यक्रम अनुसार शुक्रवार दिनांक 14 जून को लोक सूचना जारी की जाएगी, 18 जून को प्रात: 10:30 से दोपहर 3:00 बजे तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे, 19 जून को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा शुक्रवार 21 जून को दोपहर 3:00 बजे तक नामांकन वापसी हो सकेगी, इसी क्रम में शनिवार 22 जून को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा तथा रविवार 30 जून को प्रात: 7:00 से सांय 5:00 बजे तक मतदान होगा। 1 जुलाई को प्रात: 9:00 बजे से मतगणना की जाएगी।

### आम सूचना

भागीदारी फर्म मैसर्स मारूती मीनचेम, भीलवाड़ा (राज.)रजि.न.RF/BHL/2022/946 इस भागीदारी फर्म की शुरूआत में हम दो भागीदार थे सुरेन्द्र सिंह चुण्डावत एवं पंचोटिया दिनेश कुमार डाहयालाल है। 01.04.2024 को इस भागीदारी फर्म में एक भागीदार और जोड़े गये जिनका नाम रामानुज जिग्नेषभाई बटुकभाई है। जिसके पश्चात इस भागीदारी फर्म में कुल तीन भागीदार हो गये थे। जिसमें से 01.04.2024 को इस भागीदारी फर्म में से एक भागीदार पंचोटिया दिनेशकुमार डाहयालाल स्वयं अपनी इच्छा से रिटायर्ड हो गये हे। अब इस भागीदारी फर्म का मुख्य व्यवसायिक स्थान पथवारी के पास, कोषिथल, भीलवाड़ा (राज.) है। इस पर किसी भी व्यक्ति विशेष, फर्म, कंपनी व अन्य किसी का किसी प्रकार की आपत्ति है तो सात दिवस के भीतर रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस, जिला उद्योग केन्द्र, भीलवाड़ा (राज.) में आकर सूचित करें।

दिनांक-10.6.2024
स्थान-कोषिथल भीलवाड़ा,
मारूती मीनचेम।
मो.नं.9694147574

मारूती मीनचेम
पार्टनर


